आकाशवाणी ईटानगर

प्रसारण समय - संध्या - 07:45 बजे

अरुणाचल प्रदेश के भाजपा विधायक दल के नए नेता के चुनाव पर पड़ा संस्पेंस जल्द समाप्त हो जाएगा। केंद्रीय पार्टी लीडरशिप दो केंद्रीय पर्यवेक्षको को राज्य में नए मुख्यमंत्री के चुनाव प्रक्रिया की देखरेख के लिए नियुक्त किए है। पार्टी के बयान के अनुसार भाजपा संसदीय बोर्ड के सांसद रवि शंकर प्रसाद और पार्टी के नेशनल जनरल सेक्रेट्री तरुण चुग को प्रदेश के भाजपा विधायक दल के नेता की चुनाव प्रक्रिया के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त की गई है। दोनो केंद्रीय पर्यवेक्षक कल दोपहर राजधानी ईटानगर पहुंचेंगे। एक पार्टी लीडर के अनुसार दोनों पर्यवेक्षक भाजपा विधायकों के साथ बैठक करेंगे और सर्व सम्मति के बाद ही नए मुख्यमंत्री के नाम की घोषणा करेंगे। इसके बाद भाजपा विधायक दल के पार्टी नेता राज्यपाल के समक्ष नए सरकार के गठन के लिए दावा पेश करेंगे। उन्होंने नए मुख्यमंत्री एवं उनके मंत्रीमंडल के शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार को होने की संभावना जताई है।

0000000000000000

नई केंद्रीय मंत्रिपरिषद के लिए विभागों की घोषणा कर दी गई है। राजनाथ सिंह को रक्षा मंत्री और अमित शाह को गृह मंत्री और सहकारिता मंत्री के रूप में बरकरार रखा गया है, जबकि निर्मला सीतारमण वित्त मंत्री और डॉ. एस जयशंकर विदेश मंत्री बने रहेंगे। नितिन गडकरी ने सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय भी अपने पास रखा है।

धर्मेंद्र प्रधान को फिर से शिक्षा मंत्रालय की जिम्मेदारी दी गई है। भाजपा अध्यक्ष जेपी प्रकाश नड्डा नए स्वास्थ्य और रसायन एवं उर्वरक मंत्री होंगे, जबकि मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान नए कृषि और ग्रामीण विकास मंत्री होंगे। अश्विनी वैष्णव नए सूचना एवं प्रसारण मंत्री होंगे। वे रेल मंत्रालय का प्रभार भी संभालते रहेंगे। किरेन रिजिजू नए संसदीय कार्य मंत्री होंगे और अन्नपूर्णा देवी को महिला एवं बाल विकास विभाग सौंपा गया है।

00000000000000000

लोहित जिला उपायुक्त शाश्वत सौरभ ने सभी शिक्षकों से अनुमती लिए बिना छुट्टी में नहीं जाने को कहते हुए उन्हें अपनी कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को पुरी लगन एवं निष्ठा के साथ पुरा करने को कहा। जिले के शैक्षणिक परिदृश्य के मद्देनजर कल एक समन्वय बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने कहा कि जिले के शैक्षणिक परिदृश्य को सुधारने के लिए सभी हितधारकों की समन्वय और सहयोग की जरुरत है। उन्होंने शिक्षा की गुणवत्ता की सुधार पर जोर देते हुए कहा कि मूलभूत साक्षरता खासकर प्राथमिक शिक्षा पर ध्यान करने की आवश्यकता है। श्री सौरभ ने कहा कि समग्र शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाना हमारा मकसद होना चाहिए।

00000000000000000

लोअर दिबांग वैली जिला प्रशासन ने इंडिजिनस मामलों के विभागों के तत्वावधान में ट्राइबल कल्चर सेंटर मायु-II में कल इंडिजिनस पौरोहित्य संस्कृति के संरक्षण पर एक कार्यशाला सह सम्मेलन का आयोजन किया।

प्रतिभागियों को समबोधित करते हुए जिला परिषद सदस्य कोमजि लिंग्गी ने राज्य सरकार की कोशिशों की सराहना करते हुए पुरोहित्य संस्कृति को ओर भी बढ़ावा देने का समर्थन मांगा। इस अवसर पर डी डी एस ई आमिह लेगो ने इंडिजिनस प्रथाएं खासकर पुरोहित्य संस्थान के कम होते प्रवृति पर चिंता जताते हुए प्रतिभागियों से इसे संरक्षित रखने को कहा। वहीं जिला कला एवं संस्कृति अधिकारी सिरा मेतो ने पुरोहित्य संस्कृति के संरक्षण, संवर्धन, प्रचार प्रसार और सुरक्षा के महत्व पर बल दिया।

00000000000000000

अरुणाचल इंडिजिनस ट्राइव फोरुम (ए आई आई एफ) अध्यक्ष डॉ. बेंगिया तोलुम रविवार को ईटानगर में फोरुम की पहली संयुक्त सलाहकार मंच की बैठक की अध्यक्षता करते हुए उन्होंने “ए आई आई एफ स्कूल एडॉप्शन कार्यक्रम” को मिशन मोड दृष्टिकोण के साथ करने की जरुरत पर बल दिया। गौरतलब है कि पिछले वर्ष अक्टूबर में आयोजित हुए दुसरी ए आई आई एफ अपेक्स फेडेरेटिंग सी बी ओ द्वारा कम से कम एक विद्यालय को अपनाने का संकल्प लिया गया था। रविवार को हुए बैठक में काफी विचार विमर्श एवं चर्चा के बाद सात सुत्री संकल्पों को अपनाया गया। इसमें जन शक्ति और अन्य संसाधनों को एकत्रित कर राज्य सरकार से राज्य शिक्षा बोर्ड का गठन करने और अंतर गांव को फिर से शुरु करने जैसे महत्वपूर्ण संकल्प शामिल है।

00000000000000000

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने परामर्श जारी करके छात्रों और अभिभावकों को दो हजार चौबीस-पच्चीस के अकादमिक सत्र के लिए पाठ्यक्रम, पठन पाठन सामग्री और नमूना प्रश्न पत्रों के संबंध में मिल रही गलत जानकारियों से सचेत रहने की अपील की है। बोर्ड ने छात्रों को ऑनलाइन मंचों पर फैलाई जा रही असत्यापित जानकारियों से बचने का अनुरोध करते हुए कहा है कि कुछ ऑनलाइन पोर्टल और वेबसाइट पर पुराने लिंक साझा किए जा रहे है और ऐसे समाचार दिए जा रहे हैं जो सत्यापित नहीं है। यह भी कहा गया है कि अनधिकृत सूत्रों की ओर से दी जा रही जानकारी भ्रामक हो सकती है और स्कूलों, छात्रों, अभिभावकों तथा अन्य हितधारकों के बीच अनावश्यक उलझन पैदा कर सकती है। बोर्ड ने छात्रों को सलाह दी है कि वे प्रमाणिक और अद्यतन जानकारी के लिए केवल सीबीएसई की वेबसाइट देखें।

0000000000000000

केंद्र सरकार आवास आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए घरों के निर्माण के लिए तीन करोड़ अतिरिक्त ग्रामीण और शहरी परिवारों को सहायता प्रदान करेगी। आज नई दिल्ली में नवगठित एनडीए सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में इस संबंध में फैसला लिया गया। केंद्र सरकार पात्र ग्रामीण और शहरी परिवारों को बुनियादी सुविधाओं वाले घरों के निर्माण के लिए सहायता प्रदान करने के लिए दो हजार पंद्रह से प्रधान मंत्री आवास योजना लागू कर रही है। योजना के तहत पिछले दस वर्षों में पात्र गरीब परिवारों के लिए कुल 4 करोड़ इक्कीस लाख आवास पूर्ण किये गये हैं। 0000000000000000

देश में इक्कीस जून को मनाये जाने वाले 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को लेकर बडा उत्साह है। इस संबंध में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि योग एक शाश्वत अभ्यास है जो एकता और सदभाव की प्रेरणा देता है। उन्होंने विविध संस्कृतियों और क्षेत्रों को जोडनें की उल्लेखनीय क्षमता पर प्रकाश डाला और कहा कि योग ने समग्र कल्याण की खोज में दुनिया भर में लाखों लोगों को एकजुट किया है। श्री मोदी ने कहा कि हर किसी को योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने के लिए प्रतिबद्ध होना चाहिए और दूसरों को भी इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए। 0000000000000000